NCRES

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

R. P. Singh
Gen. Secretary
&
Joint Gen. Secretary-NFIR

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 106/NCRES/84/24

Date : 4.5.2024

श्रीमान प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में रिटायर्ड पैरा मेडिकल स्टाफ के रिईन्गेजमेन्ट सम्बन्ध में।
संदर्भः–(1) रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या E(NG)II/2005/RC-4/SC/2/Pt. I दिनांक 19.12.2023
(2) MD/NCR का पत्र संख्या 146 – मेड/पैरा मेड निविदा/के.चि./प्र/2024 दिनांक 30.4.2024

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के केन्द्रिय चिकित्सालय, प्रयागराज में निविदा आधार पर चल रहे पैरामेडिकल का कार्य निर्धारित अवधि दिनांक 30.4.2024 को समाप्त हो गया है एवं वर्तमान में कोई पैरामेडिकल स्टाफ न होने से कार्य में असुविधा हो रही है।

NCRES को सूचना मिली है कि तमाम रिटायर्ड रेलवे पैरामेडिकल स्टाफ ने केन्द्रिय चिकित्सालय में कार्य करने का प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन उस पर ध्यान नही दिया जा रहा जब कि रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या E(NG)II/2005/RC-4/SC/2/Pt. I दिनांक 19.2.2023 के तहत रिटायर्ड रेलवे कर्मी उपलब्ध न होने की दशा में ही GeM पोर्टल से बाहरी व्यक्तियों का अनुबन्ध किया जा सकता है।

यह भी अवगत कराना है कि अभी तक निविदा पर कार्य करने वाली फर्म ने कार्यरत कर्मचारियों को पिछले पांच माह का वेतन नही दिया है जिसके कारण कर्मचारियों में बहुत असंतोष है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के केन्द्रिय चिकित्सालय, प्रयागराज में, पूर्व में अनुबन्धित फर्म से सभी कर्मचारियों को पांच माह का बकाया वेतन दिलवाना सुनिश्चित किया जाये एवं दिनांक 1.5.2024 से रेलवे से रिटायर्ड पैरा मेडिकल स्टाफ को रेलवे बोर्ड के दिशा–निर्देशो के तहत अविलम्ब अनुबंधित करने का कष्ट करें ताकि गर्मियों में रेलवे अस्पताल में मरीजो को दिक्कतो का सामना न करना पड़े।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री